PVG's

# Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

## Terminal Examination 2024 - 2025
## Standard - X

**Subject - Hindi (Composite)** | **Marks - 40**
**Date - 16.10.2024** | **Time - 8.00 am to 10.00 am**

**सूचनाएँ :–**

**१) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य तथा व्याकरण की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है ।**

**२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।**

**३) रचना विभाग तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है ।**

**४) शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।**

**विभाग १ – गद्य : १२ अंक**

**कृति १ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।**

गाँव के किनारे कुछ घर दलितों के थे और कुछ मुसलमानों के । गाँव की कुछ जाति के लोग उनसे अलग रहते थे । खोए हुए आदमी ने दलितों और मुसलमानों से भी मित्रता कर ली । वह दैनिक कामों में उनकी मदद कर देता । उनके कर्तव्य समझाता । उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताता । देखते - ही - देखते गाँव के दलित अपने हक की माँग करने लगे । उधर गाँव के बड़े - बूढ़ों पर भी खोए हुए आदमी के समझाने का असर हुआ । धीरे - धीरे दलितों का शोषण बंद हो गया । आपसी भाईचारा बढ़ने लगा । गाँव के सभी जाति - धर्म के लोग, हिंदू और मुसलमान मिल - जुलकर ईद और होली - दीवाली मनाने लगे । इस तरह गाँव में सांप्रदायिकता और जातिवाद को दूर करने में खोए हुए आदमी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई । सभी प्रकार के झगड़े - टंटे समाप्त हो गए । यदि कोई विवाद होता भी तो बैठकर वे आपस में निपटा लेते ।

उसके आने से गाँव में एक और बदलाव आया । पहले गाँव में स्त्रियों की दशा ठीक नहीं थी । खोए हुए आदमी ने स्त्रियों को अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया । गाँव की सभी स्त्रियाँ, पुरुषों की ज्यादतियों के खिलाफ एकजुट हो गई । खोए हुए आदमी के समझाने का असर भी हुआ । धीरे - धीरे स्त्रियों के विरुद्ध अत्याचार समाप्त हो गए । उन्हें भी सम्मान मिलने लगा । वे भी बड़ों की बातों को महत्त्व देने लगीं ।

**१) आकृति पूर्ण कीजिए ।** **(1)**

i) गाँव के किनारे इनके घर थे

[ ] [ ]

ii) परिच्छेद में आए त्योहारों के नाम **(1)**

[ ] [ ]

२) i) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए । (१)

१) अत्याचार = ______

२) दशा = ______

ii) परिच्छेद में आए दो प्रत्यययुक्त शब्द ढूँढ़कर लिखिए । (१)

१) ______

२) ______


३) 'मानवता ही सच्चा धर्म है', इस विषय पर अपने विचार ६ – ८ पंक्तियों में लिखिए । (2)

कृति १ आ) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राघवेंद्र पत्नी - बच्चों सहित अपने पैतृक कस्बे में आया हुआ है । नौकरी से छुट्टियाँ न मिल पाने की मजबूरी चलते वह चाहकर भी हफ्ता - दस दिन से ज्यादा यहाँ नही रुक पाता है लेकिन उसकी इच्छा रहती है कि अम्मा - बाबू जी पूरे साल नहीं तो साल में दो - तीन महीने तो उसके साथ मुंबई में जरूर रहें । बच्चों को संयुक्त परिवार मिले, दादा - दादी का भरपूर प्यार मिले । अनिता, उसकी पत्नी भी यही चाहती है । यही सोचकर उन्होंने पाँच कमरों का फ्लैट खरीदा है पर न जाने क्यों अम्मा - बाबू जी वहाँ बहुत कम जाते हैं । साल भर में एकाध बार, वह भी चंद दिनों के लिए ।

''बाबू जी, आप और अम्मा चार - छह दिनों के लिए नहीं, चार - छह महीनों के लिए आया कीजिए । इतनी जल्दी लौट जाते हैं तो मन कचोटने - सा लगता है ।'' उसने पिछली बार उनसे जब यह कहा तो वे बोले थे, ''बेटा, मैं कितनी बार कहूँ तुझसे कि वह छोटा - सा कस्बा ही हमारी जन्म और कर्मभूमि रहा है । हमें वहाँ के अलावा और कहीं ज्यादा अच्छा नहीं लगता । महानगर के तेरे इस बड़े - से फ्लैट में हम चार - आठ दिनों से ज्यादा नहीं रह सकते ।''

१) i) संजाल पूर्ण कीजिए । (2)




ii) परिच्छेद में आए दो शब्द – युग्म ढूँढकर लिखिए । (१)

i) ______ ii) ______

२) i) निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए । (1)

१) इच्छा X २) संयुक्त X

**ii) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए ।** **(1)**

१) छुट्टियाँ = [ ] २) कस्बा = [ ]

३) 'संयुक्त परिवार, सुखी परिवार' इस विषय पर अपने विचार ६ से ८ शब्दों में लिखिए । **(2)**


**विभाग २ – पद्य ८ अंक**

कृति २ अ) **निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है,
सूर्य - चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडल हैं,
बंदीजन खग वृंद, शेष फन सिंहासन है ।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस देश की ।
हे मातृभूमि, तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।

निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है,
शीतल - मंद - सुगंध पवन हर लेता श्रम है ।
षड्ऋतुओं का विविध दृश्ययुत अद्भुत क्रम है,
हरियाली का फर्श नहीं मखमल से कम है ।
शुचि सुधा सींचता रात में, तुझपर चंद्र प्रकाश है ।
हे मातृभूमि ! दिन में तरणि, करता तम का नाश है ।।

१) **आकृति पूर्ण कीजिए ।** **(1)**




२) **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए ।** **(1)**

i) **परिधान** [ ]

ii) **पयोद** [ ]

३) पद्यांश की प्रथम चार पंक्तियों का सरल अर्थ २५ से ३० शब्दों में लिखिए । **(2)**


कृति २ आ) **निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।**

काम को आरंभ करके यों नही जो छोड़ते,
सामना करके, नहीं जो भूलकर मुँह मोड़ते,
जो गगन के फूल बातों से वृथा नहिं तोड़ते,
संपदा मन से करोड़ों की नहीं जो जोड़ते ।

कार्य थल को वे कभी नहिं पूछते वह है कहाँ,
कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ,
उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,
वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ ।

सब तरह से आज जितने देश हैं फूले - फले,
बुद्धि - विद्या, धन - विभव के हैं जहाँ डेरे डले,
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले ।

**१) आकृति पूर्ण कीजिए ।** **(2)**




२) पद्यांश की अंतिम चार पंक्तियों का सरल अर्थ २५ से ३० शब्दों में लिखिए । **(2)**

**विभाग ३ – भाषा अध्ययन (व्याकरण) ८ अंक**

कृति ३ **सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।**

**१) निम्नलिखित शब्दों में मानक वर्तनी के अनुसार सही शब्द छाँटकर लिखिए ।** **(1)**

अ) बहूरूपिया / बहुरुपिया / बहुरुपीया =

आ) आरक्षन / अरक्षण / आरक्षण =

२) **निम्नलिखित अव्ययों में से किसी एक अव्यय का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** **(1)**

i) शाबाश !

ii) आज

३) कृति पूर्ण कीजिए। (1)

| संधि शब्द | संधि – विच्छेद | संधि भेद |
|---|---|---|
| १) परमानंद | .................. | ................. |
| | अथवा | |
| १) ............... | सत् + जन..... | ................ |

४) अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए। (1)
(सिहर उठना, आँखे खुली रह जाना)

कलाकार की कलाकारी देखकर सब <u>आश्चर्यचकित हो गए</u>।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका उचित वाक्य में प्रयोग कीजिए।

१) अंक में भरना

५) कालभेद पहचानना तथा काल परिवर्तन।

i) निम्नलिखित वाक्य का कालभेद पहचानिए। (1)
राजेंद्र बाबू को पहली बार पटना स्टेशन पर देखा था।

ii) निम्नलिखित वाक्यों में से <u>किसी एक</u> वाक्य का सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए। (1)

१) मुझे अभिवादन का ध्यान आया। (अपूर्ण वर्तमानकान)
२) पानी के बारे में शिकायत आयी है। (सामान्य भविष्यकाल)

६) वाक्य के भेद तथा वाक्य परिवर्तन।
i) निम्नलिखित वाक्य का रचना के आधार पर भेद पहचानकर लिखिए। (1)
राष्ट्रपति भवन मेरा नहीं है।

ii) निम्नलिखित वाक्य का अर्थ के आधार पर दी गई सूचनानुसार परिवर्तन कीजिए। (1)

ठीक है, मुकदमे की कार्यवाही शुरू करें। (निषेधार्थक वाक्य)

**विभाग ४ – रचना विभाग (उपयोजिते लेखन) – १२ अंक**

**सूचना – आवश्यकतानुसार परिच्छेदों में लेखन अपेक्षित है ।**

**कृति ४ सूचनाओं के अनुसार लिखिए ।**

**अ) १) पत्रलेखन :** **(4)**


**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्रलेखन कीजिए ।**

योगेश / योगिता यादव, सहकारनगर, पुणे ४११००९ से, अपने प्राचार्य, जयहिंद विद्‍यालय, कात्रज. पुणे ४११०४६ को, तीन दिनों की छुट्‍टी के लिए प्रार्थना - पत्र लिखता / लिखती है ।

अथवा

शरद / शारदा शर्मा, वर्तकनगर, जालना ४३१२०३ से अपने मित्र / सहेली, गौरव / गौरवी देशपांडे, आह्‍लाद नगर, बीड - ४३११२२ को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखता / लिखती है ।

**२) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर ५० से ६० शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ।** **(4)**




**(अथवा)**

**निम्नलिखित गद्‍यांश पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर गद्‍यांश में एक – एक वाक्य में हो ।**
**(केवल प्रश्न ही बनाइए)**

सी. वी. रामन ने छात्रावस्था में ही विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का सिक्का देश में ही नहीं विदेशों में भी जमा लिया था । रामन का एक साथी छात्र ध्वनि के संबंध में कुछ प्रयोग कर रहा था । उसे कुछ कठिनाइयाँ प्रतीत हुईं, संदेह हुए वह अपने अध्यापक जोन्स साहब के पास गया परंतु वह भी उसका संदेह निवारण न कर सके । रामन को पता चला तो उन्होंने उस समस्या का अध्ययन - मनन किया और इस संबंध में उस समय के प्रसिद्‍ध लॉर्ड रेले के निबंध पढ़े और उस समस्या का एक नया ही हल खोज निकाला । यह हल पहले हल से सरल और अच्छा था । लॉर्ड रेले को इस बात का पता चला तो उन्होंने रामन की प्रतिभा की भूरि - भूरि प्रशंसा की । अध्यापक जोन्स भी प्रसन्न हुए और उन्होंने रामन से इस प्रयोग के संबंध में लेख लिखने को कहा । रामन ने लेख लिखकर श्री जोन्स को दिया, पर जोन्स उसे जल्दी लौटा न सके । कारण संभवतः यह था कि वह उसे पूरी तरह आत्मसात न कर सके ।

**आ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में निबंध लिखिए ।** **(4)**

१) मैं पेड़ बोल रहा हूँ

२) रेल्वेस्टेशन पर एक घंटा

❖❖❖